CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:07 बजे




सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 303 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 3 जून 2025

फैंस संग अक्षय ने किया किक्कली डांस...पेज-3 पर

## सांविधानिक संकट: पंचायती राज एक्ट में संशोधन के अध्यादेश को नहीं मिली मंजूरी

देहरादून

हमारे संवाददाता

प्रदेश की 10760 त्रिस्तरीय पंचायतें खाली हुई, जिस वजह से सांविधानिक संकट बना हुआ है। प्रदेश की पंचायतों में प्रशासकों की पुनर्नियुक्ति संबंधी अध्यादेश को राजभवन ने बिना मंजूरी लौटा दिया है। इस कारण 10760 त्रिस्तरीय पंचायतें अभी खाली रहेंगी। इससे पंचायतों में सांविधानिक संकट पैदा हो गया है। अमर उजाला ने राजभवन से अध्यादेश जारी होने में तकनीकी पेच आड़े आने की खबर सोमवार दो जून को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। त्रिस्तरीय पंचायतों में प्रशासकों का छह महीने का कार्यकाल खत्म होने के बाद प्रशासकों की पुनर्नियुक्ति के लिए पंचायती राज विभाग ने आनन-फानन में प्रस्ताव तैयार किया। जिसे पहले विधायी विभाग यह कहते हुए लौटा चुका था कि कोई अध्यादेश यदि एक बार वापस आ गया तो उसे फिर से उसी रूप में नहीं लाया जाएगा। ऐसा किया जाना संविधान के साथ कपट होगा। विधायी विभाग की इस आपत्ति के बावजूद अध्यादेश को राजभवन भेज दिया गया। राज्यपाल के सचिव रविनाथ रामन के मुताबिक विधायी विभाग की आपत्ति का निपटारा किए बिना इसे राजभवन भेजा गया। जिसे विधायी को वापस भेज दिया गया है। इसमें कुछ चीजें स्पष्ट नहीं हो रही थीं, इसके बारे में पूछा गया है। इसमें विधायी ने कुछ मसलों को उठाया था। राजभवन ने इसका विधिक परीक्षण किए जाने के बाद इसे लौटाया है।



### 10760 त्रिस्तरीय पंचायतें हुईं मुखिया विहीन

प्रदेश में हरिद्वार की 318 ग्राम पंचायतों को छोड़कर 7478 ग्राम पंचायतें, 2941 क्षेत्र पंचायतें और 341 जिला पंचायतें मुखिया विहीन हो गई हैं। राज्य में पहली बार इस तरह की स्थिति बनी है। उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम 2016 में संशोधन के लिए 2021 में अध्यादेश लाया गया था। राजभवन से मंजूरी के बाद इसे विधानसभा से पास होना था, लेकिन तब विधेयक को विधानसभा से पास नहीं किया गया। क्योंकि हरिद्वार में अध्यादेश जारी होने के बाद त्रिस्तरीय चुनाव करा दिए गए थे।

## News कॉर्नर

### रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** रात्रि गश्त के दौरान मुखानी थाना पुलिस ने चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मुखानी थाना प्रभारी दिनेश जोशी अपने दिलबर के साथ बीती रात लाल डाट रोड पर गश्त कर रहे थे। तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ पुलिस को दिखाई दिया और वह पुलिस को देखकर भागने लगा भक्त हुए युवक को पुलिस ने पकड़ लिया और उससे गहनता से पूछताछ की उसने अपना नाम दीपू कश्यप पुत्र राकेश कश्यप निवासी शिव शक्ति विहार मुखानी बताया पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ पुलिस को आरोपी ने बताया कि वह किसी घटना को अंजाम देने के लिए जा रहा था इसलिए वह अपनी हिफाजत के लिए चाकू रखता है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

### आज कई जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**देहरादून।** उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी, पौड़ी, बागेश्वर और पिथौरागढ़, नैनीताल, चम्पावत, अल्मोड़ा, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में तेज गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। उत्तराखंड के सभी जिलों के अधिकतर हिस्सों में आज (मंगलवार) भी बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। जबकि देहरादून, पौड़ी और रुद्रप्रयाग जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून के लिए बारिश व तेज हवाओं का येलो और पौड़ी व रुद्रप्रयाग के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी, पौड़ी, बागेश्वर और पिथौरागढ़, नैनीताल, चम्पावत, अल्मोड़ा, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में तेज गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो छह जून तक प्रदेश भर में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। सात व आठ जून को उत्तराखंड में मौसम शुष्क रहेगा।

अहमदाबाद में आज बारिश की आशंका, 30 मिनट में सूख जाएगा मैदान

## आईपीएल का फाइनल आज एक लाख से ज्यादा फैंस आएंगे

नई दिल्ली

एजेंसी

आईपीएल का फाइनल मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। अहमदाबाद में आज 64 प्रतिशत बारिश की आशंका है। हालांकि, मैदान पर सब-सॉइल ड्रेनेज सिस्टम है, इससे मैदान 30 मिनट में सूख जाएगा।

पंजाब किंग्स और रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु के मैच को देखने के लिए एक लाख से ज्यादा दर्शक आने की संभावना है। ऐसे में 5 लेयर सिक्योरिटी रखी गई है। 4 हजार से ज्यादा पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। मैच से पहले शाम 6:30 बजे से क्लोजिंग सेरेमनी होगी। जिसकी थीम ऑपरेशन सिंदूर है।

फाइनल मुकाबले में एक बार फिर सभी की नजरें विराट कोहली पर टिकी होंगी जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा है। कोहली इस सीजन शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उनके फाइनल में बड़ी पारी खेलने की उम्मीद होगी। दूसरी ओर, पंजाब किंग्स के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने दमदार प्रदर्शन किया था और उनसे फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स की टीमें आईपीएल 2025 के खिताबी मुकाबले के लिए तैयार हैं। दोनों टीमें लंबे समय बाद फाइनल में पहुंची हैं और अब तक कभी खिताब नहीं जीत सकी हैं। आरसीबी और पंजाब के बीच फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा और इन दोनों टीमों की कोशिश खिताब का सूखा समाप्त करने की होगी। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा, जबकि टॉस उससे आधे घंटे पहले यानी शाम सात बजे होगा। फाइनल मुकाबले में एक बार फिर सभी की नजरें विराट कोहली पर टिकी होंगी जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा है। कोहली इस सीजन शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उनके फाइनल में बड़ी पारी खेलने की उम्मीद होगी। कोहली आईपीएल की शुरुआत से ही आरसीबी से जुड़े हुए हैं और यह उनका चौथा फाइनल मुकाबला होगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन करने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने हजारों प्रशंसक नजर आ सकते हैं। कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे।



## निर्धारित समय सीमा के भीतर जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करेंगे

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

**व्यवस्था**

- उपजिलाधिकारी राहुल शाह ने की नई व्यवस्था लागू

जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्रों की प्राप्ति को लेकर लगातार आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी राहुल शाह ने नई व्यवस्था लागू कर दी है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अब ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संबंधित पंजीकरण अधिकारी ही आवेदन स्वीकार करेंगे और निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रमाणपत्र जारी करेंगे।

उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कई आवेदकों द्वारा सीधे उपजिलाधिकारी कार्यालय में आवेदन किया जा रहा है, जबकि यह प्रक्रिया पंजीकरण अधिकारी स्तर पर ही पूरी की जानी चाहिए। इससे न केवल जनता को अनावश्यक परेशानी हो रही है बल्कि शासन की प्रतिष्ठा भी प्रभावित हो रही है।

**ग्राम सभाओं में ये होगी-** जन्म या मृत्यु के 21 दिन के भीतर ग्राम पंचायत सचिव को आवेदन देने पर बिना शुल्क प्रमाणपत्र मिलेगा। 30 दिन तक की देरी पर 20 शुल्क के साथ प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। 30 दिन से 1 वर्ष तक की देरी पर 50 शुल्क व तहसीलदार के आदेश से प्रमाणपत्र बनेगा। 1 वर्ष से अधिक की देरी पर 100 शुल्क, साक्ष्य व शपथपत्र के साथ उपजिलाधिकारी के अनुमोदन से प्रमाणपत्र निर्गत होगा। नगर निगम/नगर पालिका क्षेत्र में 21 दिन के भीतर नगर स्वास्थ्य अधिकारी या अधिशासी अधिकारी को आवेदन देना होगा। 21 से 30 दिन की देरी पर ?20, 30 दिन से 1 वर्ष तक 50, और 1 वर्ष से अधिक देरी पर ?100 शुल्क लिया जाएगा। 1 वर्ष से अधिक की देरी पर शपथपत्र और साक्ष्य के साथ एसडीएम के अनुमोदन से प्रमाणपत्र जारी होगा। एसडीएम ने सभी अस्पतालों, नर्सिंग होमों के प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने संस्थान में जन्म या मृत्यु की सूचना 21 दिन के भीतर संबंधित पंजीकरण अधिकारी को दें।

सार्वजनिक स्थल पर हुई मृत्यु की सूचना देना थाना प्रभारी या ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी होगी। सूचना न देने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उपजिलाधिकारी राहुल शाह ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण अधिकारी अपने स्तर पर ही कार्यवाही करें और आवेदन सीधे एसडीएम कार्यालय न भेजें। आदेशों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## जमीन घोटाला मामले में दो आईएएस एक पीसीएस अफसर समेत 12 लोग सस्पेंड

देहरादून

हमारे संवाददाता

हरिद्वार जमीन घोटाले में दो आईएएस और एक पीसीएस अफसर समेत 12 लोग सस्पेंड कर दिए गए हैं। मामला 15 करोड़ की जमीन 54 करोड़ में खरीदना का है। हरिद्वार जमीन घोटाले में धामी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में दो आईएस और एक पीसीएस अफसर समेत कुल 12 लोगों को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले में डीएम, एसडीएम और पूर्व नगर आयुक्त पर भी गाज गिरी। अब विजिलेंस जमीन घोटाले की जांच करेगी। मामला 15 करोड़ की जमीन को 54 करोड़ में खरीदने का है, जिसमें हरिद्वार नगर निगम ने एक अनुपयुक्त और बेकार भूमि को अत्यधिक दाम में खरीदा। न भूमि की कोई तात्कालिक आवश्यकता थी, न ही खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई। शासन के नियमों को दरकिनार कर यह घोटाला अंजाम दिया गया। जांच के बाद रिपोर्ट मिलते ही बड़ी कार्रवाई करते हुए हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, पूर्व नगर आयुक्त वरुण चौधरी और एसडीएम अजयवीर सिंह को सस्पेंड कर दिया। साथ ही वरिष्ठ वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, कानूनगों राजेश कुमार, तहसील प्रशासनिक अधिकारी कमलदास, और वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की को भी निलंबित किया गया। उत्तराखंड में पहली बार ऐसा हुआ है कि सत्ता में बैठी सरकार ने अपने ही सिस्टम में बैठे शीर्ष अधिकारियों पर सीधा और कड़ा प्रहार किया है।

## रामपुर रोड के पास मिला प्रॉपर्टी डीलर का शव, क्षेत्र में सनसनी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रामपुर रोड एस मोड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस वक्त सनसनी फैल गई उधर से गुजरने वाले लोगों ने जंगल में एक अज्ञात शव पड़ा देखा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना पाकर कोतवाल राजेश कुमार यादव टीपी नगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार आनन फानन में अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए । ओर उसकी तलाशी ली। जिसकी जेब से पर्स, मोबाइल,बरामद हुआ । पर्स में मृतक का आधार कार्ड मिला जिसके बाद मृतक की शिनाख्त कौशल कुमार सती के रूप में हुई है, जो जज फार्म, में रहता था और प्रॉपर्टी डीलिंग का व्यवसाय करते था। घटनास्थल के पास ही उनकी स्कूटी भी खड़ी मिली है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि वह अपने वाहन से मौके तक पहुंचे था फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृत्यु के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, जिसमें दुर्घटना, आत्महत्या या अन्य किसी आपराधिक एंगल की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं, घटना से क्षेत्र में भय और आशंका का माहौल बना हुआ है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मृतक मूल रूप से अल्मोड़ा जिले का निवासी है। ओर यहां जज फार्म में अपनी पत्नी,व पुत्र के साथ किराए के मकान में रहता है।

कोतवाल ने यह भी बताया कि मृतक के पास से एक जहरीले पदार्थ की शीशी मिली है जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक ने जहर पीकर अपने जीवन लीला समाप्त की है। कोतवाल ने यही बताया कि मृतक के परिवहन को सूचना दे दी गई है और सब को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही रहस्य से पर्दा उठेगा उनको मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार का चोट का निशान नहीं है।



# अग्निकांड: पांच दुकान और मकान जलकर राख

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के देवी मंदिर के पास सोमवार की रात 8 बजे शॉर्ट सर्किट से पांच दुकानों और उनके ऊपर बने मकान भीषण आग से जलकर राख हो गए। एक दुकान में लगी आग ने चार और दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया और मुख्य बाजार आग की लपटों से धधक उठी।



प्रथम तल पर दुकानों में लगी आग ने दुकानों के ऊपर मकानों को भी राख कर दिया। इस दौरान वहां अफरा-तफरा का माहौल पैदा हो गया। आग लगने के काफी देर बाद तक यहां फायर ब्रिगेड के वाहन पहुंचे मगर तब तक लाखों रुपयों नुकसान हो चुका था।

सोमवार शाम करीब आठ बजे एक दुकान से आग की लपटें उठना शुरू हुईं। इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते दुकान ने विकराल रूप ले लिया। आग इतनी भयानक थी कि एक के बाद एक अगल-बगल की चार दुकानें इसकी चपेट में आ गईं। फायर ब्रिगेड वाहनों के पहुंचने तक लोग अपने-अपने घरों से बाल्टी और डिब्बों से पानी डालकर आग बुझाने में लगे रहे। लेकिन आग की लपटें तेज होने से काबू नहीं पाया जा सका। लोग लाचार होकर दुकान और घरों को जलता हुआ देखते रहे। फायर ब्रिगेड के वाहनों ने रात करीब 10.30 बजे आग पर काबू पाया। विकराल आग ने नीरू बधानी, बब्बू अहमद, महेश कनौजिया, नासिर, लक्ष्मी नेगी और कमला चौधरी की दुकानों को तबाह कर दिया। दुकान स्वामियों ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के चलते एक दुकान से अन्य दुकानों में लग गई। उन्होंने कहा कि आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। व्यापारियों ने प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### तीन घंटे तक बंद रही बिजली

बाजार में आग के चलते ऊर्जा निगम ने बाजार क्षेत्र के एक फीडर की लाइट सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दी थी। एसडीओ मनोज तिवारी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही बिजली तीन घंटे तक बंद रही। जल संस्थान के आरपी डोभाल ने बताया कि आग बुझाने के लिए विभाग की ओर से फायर ब्रिगेड वाहनों में पानी के टैंकर भराए।

### तीन घंटे तक बंद रही बिजली

रोकना पड़ा मेन रोड का ट्रैफिक मुख्य मार्ग के समीप लगी दुकानों की आग बहुत विकराल थी। इस कारण सड़क पर ट्रैफिक रोक दिया गया। इससे घटनास्थल से कुछ दूरी पर सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार भी लग गई। आग की भयावहता से हर कोई हैरान और चिंतित था।



# जिला पंचायत राज अधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ग्राम पंचायत अधिकारी एसोसिएशन तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत संगठन द्वारा नवनियुक्त मुख्य विकास अधिकारी अनामिका सिंह से शिष्टाचार भेंट की तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एसोसिएशन द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी नैनीताल को पांच सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष आनंद सिंह जलाल ने बताया कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की जिला स्तर से कई मांगे अभी भी लंबित हैं जिनको यथाशीघ्र दूर किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में पदाधिकारियों द्वारा एक पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला पंचायत राज अधिकारी नैनीताल को सौंपा। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को डेढ़ वर्ष से लंबित ए सीपी का लाभ दिए जाने, वरिष्ठता सूची जारी किया जाना तथा पंचायत कार्यों के सफल निष्पादन हेतु संसाधन उपलब्ध कराये जाने तथा कर्मचारियों का स्थानांतरण नीति के तहत ही पूर्ण पारदर्शिता के साथ स्थानांतरण तथा कार्मिकों के देयकों कों समय से भुगतान करने संबंधी मांग की गयी। ज्ञापन देने में संगठन के जिला अध्यक्ष आनन्द सिंह जलाल, जिला महामंत्री सत्य प्रकाश द्विवेदी समेत आनन्द बल्लभ पाण्डेय, गीतांजली पडियार, हेमा बृजवाल, कौशल पाण्डेय तथा ललित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्रों में योग शिविरों का होगा आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे उत्तराखंड के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश भर में योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नि:शुल्क शिविर के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर नैनीताल की योग विज्ञान विभाग की एमए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा प्रियंका साह द्वारा नैनीताल सरस्वती शिशु मंदिर में पढने् वाले छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया जा रहा है तथा योग के नियमित अभ्यास से शरीर को होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी जा रही है, साथ ही साथ योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

प्रियंका साह ने बताया इस अभियान का उद्देश्य जन जन तक योग के जागरूकता को फैलाना एवं आमजनमानस को स्वस्थ रखना है । इस अभियान से समाज के हर वर्ग को जोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया है जिस हेतु विद्यार्थियों के योग प्रशिक्षकों एवं योग स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में जाकर योग शिविर लगाए जा रहे है,साथ ही आम जनमानस हेतु देश एवं प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्रों में प्रात: एवं सायं कालीन सत्रों में योग शिविरों का आयोजन कराया जा रहा है।



## NEWS / फटाफट

### सीओ संचार मठपाल का एएसपी संचार पद पर पदोन्नति, एसएसपी ने अशोक स्तंभ लगा कर बधाई दी



**रुद्रपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पुलिस उपाधीक्षक संचार (एआरओ ) रेवाधर मठपाल का अपर पुलिस अधीक्षक संचार (एसआरओ ) पद पर पदोन्नति होने पर बधाई दी। इसके साथ ही एसएसपी ने मठपाल के कंधों पर अशोक स्तंभ लगाया। एसएसपी ने मठपाल को भविष्य के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि यह पदोन्नति मठपाल की कड़ी मेहनत, समर्पण और सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है।

### प्रधानाचार्यों के अभ्यास वर्ग का चतुर्थ दिवस सम्पन्न



**हल्द्वानी।** दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में कुमाऊं मंडल के सभी प्रधानाचार्यों के अभ्यास वर्ग का चतुर्थ दिवस सम्पन्न हुआ। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इसके उपरांत वर्ग के संयोजक एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के भविष्य की नींव है। उन्होंने बताया कि यह नीति शिक्षा को केवल सूचना आधारित न रखते हुए उसे मूल्य आधारित रचनात्मक और व्यवहारिक बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। डा. सूर्य प्रकाश ने प्राथमिक शिक्षण कौशल और बस्ता रहित शिक्षा से संबंधित गतिविधियों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आप एक वर्ष का लाभ चाहते हैं तो अनाज उगाइए और यदि आप सौ वर्षों का लाभ चाहते हैं तो बच्चों को शिक्षा दीजिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा का भारतीय मॉडल ऐसा होना चाहिए जो राष्ट्र निर्माण में सहायक बने और विद्यार्थियों को संस्कार व कौशल और आत्मनिर्भरता से युक्त बनाए। इस अवसर पर जन शिक्षा समिति उत्तराखंड के सह प्रदेश निरीक्षक ईश्वरी दत्त जोशी, नैनीताल संभाग निरीक्षक मंगत राम, पिथौरागढ़ संभाग निरीक्षक राजेंद्र तथा राहुल, जितेंद्र और देवेंद्र अधिकारी सहित समस्त आचार्य बंधु रहे।

### छात्रों को पर्यावरण तथा स्वच्छता पर जागरूक किया



**नैनीताल ।** स्वच्छ भारत- हरित भारत के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद नैनीताल द्वारा टीएसआई सुनीत कुमार के नेतृत्व में सीआर एसटी इंटर कॉलेज के छात्रों को पर्यावरण तथा स्वच्छता पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए शहर को स्वच्छ रखने की बात कही। उप प्रधानाचार्य डॉ. एस एस बिष्ट द्वारा स्वच्छता तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए छात्रों को शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर पर्यवेक्षक मोहित कुमार तथा समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को दूर करने की मांग की

**नैनीताल।** राजकीय कल्याण पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में सरकार से गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को दूर करने एवं संबंधित अस्पतालों द्वारा इलाज में की जा रही आनाकानी को तत्काल संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई। संगठन के महामंत्री बहादुर सिंह बिष्ट ने बताया कि बैठक में सरकार से गोल्डन कार्ड की विसंगतियों एवं संबंधित अस्पतालों द्वारा इलाज में की जा रही आनाकानी पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने की मांग के साथ.साथ बैठक में नगर में पर्यटन सीजन के दौरान अनियंत्रित ट्रैफिक तथा लगातार बढ़ते जा रहे अनधिकृत फड़ खोखा पर अंकुश लगाने की मांग भी की गई। बैठक में त्रिलोक सिंह रौतेला, ललित मोहन पांडे, हीरा सिंह बिष्ट, घनश्याम सिंह बिष्ट, मोहन चंद पंत, उमेश चंद्र जोशी, प्रगति कुमार, जे एस बिष्ट, रेखा त्रिवेदी, चंद्रकांता खोलिया, गोविंद सिंह, गिरीश चंद्र जोशी, डीपी पंत, जानकी आर्य, महेश चंद तिवारी, नरेंद्र सिंह रावत, दीपक शाह, शेर सिंह तथा आर एन प्रजापति सहित कई सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# हाईकोर्ट के नए न्यायधीश न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय से शिष्टाचार भेंट की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन कार्यकारिणी व बार के सदस्यों ने सोमवार को हाईकोर्ट के नए न्यायधीश न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय से शिष्टाचार भेंट की ।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सदस्यों द्वारा न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय के सम्मान में पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर दुर्गा सिंह मेहता अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव समेत रजत मित्तल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मधु नेगी सामन्त उपाध्यक्ष, राजेन्द्र डोभाल वरिष्ठ अधिवक्ता, भुवनेश जोशी, सौरभ पाण्डे, विकास पाण्डे, प्रेम सिंह सौन, आशिफ अली, दिनेश बनकोटी तथा गंगा सिंह नेगी आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



# श्रीमद्भागवत कथा का यज्ञ पूर्णाहुति भंडारे के साथ संपन्न

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट द्वारा रामणी जसुवा कालिका कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का यज्ञ पूर्णाहुति भंडारे के साथ संपन्न हुआ, आज सुबह गणपति पूजन सर्वदेव पूजन के साथ यज्ञ पूर्णाहुति हुई।

जिसमें हरि दत्त भट्ट, भुवन चंद्र जोशी, लीलाधर जोशी, बलवंत सिंह भोज, अभिषेक द्विवेदी, भास्कर पडलिया, गोपाल सिंह रजवार, घनश्याम गुर्रानी, नंदकिशोर मठपाल, केवला नंद भट्ट, आदि जजमानों द्वारा यज्ञ पूर्णाहुति दी। पूजन कार्य पंडित लोकेश जोशी, रूपेश जोशी आदि विद्वानों द्वारा संपन्न करायी।आज व्यास गिरीशानंद जी द्वारा कथा का महात्म्य सुनाते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण से जीवन को सत्यमार्ग का अनुश्रवण होता है,भागवत कथा की पाठशाला मनुष्य को सत्कर्म के साथ जीवन जीने का बोध कराती है, केवल अपने प्रभु का चरण पकड़ने वाले को फिर किसी कलयुग के मानव के चरण पकड़ने की आवश्यकता नहीं पड़ती।



कथा में कालिका कॉलोनी, सरस्वती कॉलोनी, एकता बिहार, पंचकेदार कॉलोनी सहित कठघरिया छेत्र के भक्तों द्वारा सहयोग कर श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को सफल बनाया।हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट की कार्यकारी अध्यक्ष ममता रूवाली द्वारा कालिका कॉलोनी सहित कठघरिया के समस्त धर्मप्रेमी जनता का आभार जताते हुए कहा कि आप सब के सहयोग से 8 वीं कथा का विश्राम हुआ, ट्रस्ट आप सभी का धन्यवाद करती है, ट्रस्ट की ओर से हेम पंत, हर्ष वर्द्धन पांडे, प्रकाश जोशी, शंकर रूवाली, पारस रूवाली, भरत गुणवंत सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी हर्ष वर्द्धन पांडे ने बताया कि अगली कथा कालिका मंदिर भगवानपुर ब्लॉक में 15 जून से प्रारंभ होकर 22 जून को विश्राम लेगी।

# अभिमत



## कमाई का नशा

*पहाड़ी उत्पादों का प्रचार-प्रसार सराहनीय है। पर्वतीय क्षेत्र में रोजगार बढ़ेगा तो पलायन स्वतः रुकेगा। हरीश रावत ने कहा कि उनका कार्यक्रम पहाड़ी उत्पादों को समर्पित है, जबकि भाजपा सरकार को ट्रेटा पैक में कच्ची शराब बेचने से फुर्सत नहीं है। शराब की कमाई के मामले में कांग्रेस भी अछूती नहीं है। कांग्रेस के शासन में भी शराब के ठेकों से अधिक से अधिक धन की लालसा थी और हर साल नई दुकानें खोलने की अनुमति दी जाती थी। इसी लिए गली-मोहल्लों में भी शराब की दुकानें खुल गई हैं।*

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत चर्चा में बने रहने के लिए राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहते हैं। कई चुनाव में पराजय के बाद सियासत में पैर जमाये रखने के लिए हरीश रावत उत्तराखंडियत का सहारा ले रहे हैं। क्षेत्रवाद की भावना का दोहन करना चाहते हैं। इसी सिलसिले में काफल पार्टी का आयोजन किया और इसका उद्देश्य पहाड़ी उत्पादों को बढ़ावा देना बताया। इससे पहले ककड़ी रायता, माल्टा और झंगोरा खीर के कार्यक्रम आयोजित कर चुके हैं। पहाड़ी उत्पादों का प्रचार-प्रसार सराहनीय है। पर्वतीय क्षेत्र में रोजगार बढ़ेगा तो पलायन स्वतः रुकेगा। हरीश रावत ने कहा कि उनका कार्यक्रम पहाड़ी उत्पादों को समर्पित है, जबकि भाजपा सरकार को ट्रेटा पैक में कच्ची शराब बेचने से फुर्सत नहीं है। शराब की कमाई के मामले में कांग्रेस भी अछूती नहीं है। कांग्रेस के शासन में भी शराब के ठेकों से अधिक से अधिक धन की लालसा थी और हर साल नई दुकानें खोलने की अनुमति दी जाती थी। इसी लिए गली-मोहल्लों में भी शराब की दुकानें खुल गई हैं। उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद 25 साल में शराब की कितनी नई दुकानें खुलीं और शराब से कमाई में कितनी वृद्धि हुई, यह हरीश रावत को बताना चाहिए। पृथक उत्तराखंड राज्य के गठन की मांग पिछड़े पर्वतीय क्षेत्र के विकास के लिए की गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार का हिस्सा होने पर आरोप लगता था कि पर्वतीय क्षेत्र के विकास पर ध्यान नहीं दिया जाता है। नौ नवंबर, 2000 को उत्तराखंड राज्य का गठन हो गया। इसके बाद पर्वतीय से लेकर भाबर और तराई क्षेत्र तक सिर्फ और सिर्फ शराब की दुकानों की भरमार नजर आती है। सरकार की अनुमति से शराब की दुकानों से जितनी शराब बेची जाती है, उससे कम अवैध रूप से शराब का धंधा कम नहीं है। उत्तराखंड राज्य के गठन का श्रेय मातृ शक्ति को है। मातृ शक्ति शराब की नई दुकान खोलने के विरोध में आंदोलन करती है। राज्य के कई हिस्सों में महिलाएं शराब की दुकानों के खिलाफ धरना दे रही हैं। अधिकारी आश्वासन देकर धरना समाप्त कराते हैं और कुछ दिन बाद फिर दुकान खुलवा देते हैं। इसी तरह किराने की दुकानों पर अवैध रूप से शराब बिकने का विरोध महिलाएं करती हैं। पुलिस यदाकदा अवैध शराब पकड़कर अपनी पीठ थपथपा लेती है। अपवाद को छोड़कर युवा और किशोर नशे की लत से भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। सभी पार्टियों की सरकार को आत्मावलोकन करने की जरूरत है।

# आयुक्त ने सफाई व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



आयुक्त/सचिव मा. मुख्यमंत्री, दीपक रावत, ने सोमवार को वर्कशॉप लाईन एवं नैनीताल रोड में नाले एवं बेसमेंट पार्किंग के साथ ही सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर आयुक्त ऋचा सिंह को शहर में नालियों की सफाई हेतु एक दिन सुनिश्चित कर सफाई प्रत्येक सप्ताह कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्कशॉप लाईन के जिन दुकानदारों को ट्रान्सपोर्ट नगर में दुकान आवंटित हो चुकी है, उन्हें वहाँ शिफ्ट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि यदि वर्कशॉप लाईन में सड़क पर गाड़ियों की मरम्मत कार्य किया जाता है, तो ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाए।

नैनीताल रोड पर बेसमेंट पार्किंग का निरीक्षण किए जाने के दौरान उन्होंने आयुक्त ने कहा कि नैनीताल रोड पर लोगों द्वारा कमर्शियल शॉप का संचालन किया जा रहा है लेकिन पार्किंग लोगों द्वारा मेन सड़क पर की जा रही है। संस्थानों द्वारा पार्किंग अन्यत्र लोगों को दी गई है जो उचित नहीं है।कहा कि सभी लोग वाहनों को पार्किंग में ही खड़ा करें। उन्होंने चेताया कि सड़क पर वाहन पार्क किए जाने पर चालानी कार्यवाही की जायेगी।

आयुक्त ने मौके पर नगर आयुक्त, आरटीओ एवं पुलिस महकमे के अधिकारियों को मुख्य मार्ग पर खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही नैनीताल रोड पर जनपथ कॉम्पलेक्स में पार्किंग नहीं होने पर प्राधिकरण से मानचित्र निरीक्षण कर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नैनीताल रोड स्थित श्री राम अस्पताल की पार्किंग के निरीक्षण के दौरान पाया कि अस्पताल के बाहर बोर्ड पर वाहन पार्किंग ठंडी सड़क पर करने को लिखा गया था, जबकि अस्पताल की पार्किंग में कोई वाहन खड़ा नहीं था।

जिस पर आयुक्त ने कहा कि भविष्य में मेन सड़क पर वाहन खड़ा पाया जाता है, तो चालानी कार्यवाही की जायेगी। इनैनीताल रोड स्थित कल्याण ज्वेलर्स में पार्किंग थी लेकिन पार्किंग पर बड़े-बड़े गड्ढे थे जिस पर वाहन पार्किंग नहीं की जा सकती थी। जिस पर आयुक्त ने संस्थान के स्वामी को एक सप्ताह के भीतर पार्किंग सुचारु करने के निर्देश दिए और नहीं करने पर चालानी कार्यवाही किए जाने को कहा।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट ए.पी. वाजपेयी के साथ ही सिंचाई, लोनिवि, विद्युत, जल संस्थान आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## मॉलरोड, बारापत्थर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया



**नैनीताल।** अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा के निर्देश पर कर एवं राजस्व अधीक्षक दिपेन्द्र बमोला के निर्देश पर पालिका के कर संग्रहकर्ता हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को पंत पार्क मॉलरोड, बारापत्थर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध फड एवं गंदगी मिलने पर 29 लोगो के खिलाफ चालानी कार्यवाही कि गई। जिसमें लाला राम, रहीम, अभिषेक, रोशन, विकास, मो. काशिम, निरमोस, दुर्गेश, राज, योगेंद, पुष्पेंद्र, असमद, अजगर, मो शकील, मो अयूब, नसरीन, मो अब्दुल, रहीश, ललित, दीवान सिंह, शैलेन्द्र, जीत, सतीश, जाहूर, आकाश, प्रमोद के चालान किए गए। अभी तक पालिका द्वारा 12350 के चालान किये गए एवं भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत दी गई।

# ऑल सेंट्स कॉलेज में वार्षिक शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रदर्शन का भव्य आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में सोमवार को वार्षिक शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रदर्शन का भव्य आयोजन किया गया। इस रंगारंग समारोह में खेलए संस्कृति और परंपरा का अनुपम संगम देखने को मिला।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत ओलंपिक मशाल के साथ हुई जो शांति व मित्रता और सहनशीलता का प्रतीक था। कॉलेज की खेल कप्तान इकनूर कौर विर्क और उप कप्तान गुर्दृष्टि कौर ने गर्वपूर्वक मशाल को स्टेडियम में लेकर आईं। तत्पश्चात कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती अंजना रिचर्ड्स ने औपचारिक रूप से मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके पश्चात हेड गर्ल आरवी शर्मा, डिप्टी हेड गर्ल समीरा गुप्ता व राउंड स्क्वायर प्रीफेक्ट भाव्या श्रीधर, एएफएस प्रीफेक्ट सैयदा आमना कमरान और चारों सदनों की कप्तानों के नेतृत्व में कॉलेज का भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुमाऊं मंडल विकास निगम के एम डी (आईएएस) विनीत तोमर ने शिरकत की जबकि विशिष्ट अतिथि डायसेसेन सेक्रेटरी और आगरा डायोसिस सी एन आई डी ई बी के सेक्रेटरी डॉ. अविनाश चंद ने सभी प्रस्तुतियों की भूरी.भूरी प्रशंसा की। ऑल सेंट्स कॉलेज की छात्राओं ने इंटरस्कूल गर्ल्स गवर्नर कप गोल्फ टूर्नामेंट में पहला स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में ऋतिका भट्ट, हिताक्षी बिष्ट, आनिया शाह, समैरा नरूला और नंदिनी बिष्ट शामिल रहीं। गोल्फ में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आनिया शाह को चीफ जस्टिस कप से सम्मानित किया गया। पूर्वी पोखरिया को खेलों में उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए दुआ मेमोरियल ट्रॉफी और रजत पदक प्रदान किया गया। स्निग्धा पांडे को संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रीमती रिनी प्रभाकर संगीत ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। आई एस सी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए रवमेहर कौर और इशिता वर्श्नेय को एफ सी रुस्तगी मेमोरियल कप और 3100 रुपए की नकद राशि प्रदान की गई।

# फिल्मी दुनिया

## फैंस संग अक्षय ने किया किक्कली डांस, दिखा स्टार कास्ट का अलग रंग-ढंग





*इन दिनों अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म 'हाउसफुल 5' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का वह जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में पुणे में इस फिल्म का प्रमोशन करते हुए फिल्म 'हाउसफुल 5' की स्टार कास्ट नजर आई। इस फिल्म प्रमोशन में अक्षय ने फैंस के साथ किक्कली खेलकर खूब मस्ती की। बाकी स्टार कास्ट भी सोशल मीडिया पर वायरल नजर आई। अक्षय कुमार 'हाउसफुल' फ्रैंचाइजी की लगभग सभी फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। इसमें दर्शकों को अपनी कॉमेडी से खूब हंसाते हैं। जल्द ही 'हाउसफुल 5' में भी वह एक बड़ी स्टार कास्ट के साथ कॉमेडी करते नजर आएंगे। हाल में फिल्म की स्टार कास्ट के साथ अक्षय इसका प्रमोशन करने पुणे पहुंचे। सोशल मीडिया पर इन स्टार्स के कुछ वीडियो वायरल हैं, जिनमें यह काफी मस्ती करते दिखे। अक्षय कुमार ने अपने फैंस के साथ किक्कली डांस खेला। लड़की नहीं बल्कि लड़के साथ यह डांस अक्षय कुमार ने किया। अक्षय का यह अंदाज देखकर आसपास मौजूद सभी लोग मुस्कुराते दिखे। जॉनी लीवर एक्टर के लिए तालियां बजाते हुए दिखे। जैकलीन भी पुणे प्रमोशन से पहले पैपराजी को पोज देती दिखीं। एक्ट्रेस का लुक काफी कैजुएल नजर आया। जैकलीन की कैप और काले चश्मे ने पैपराजी, फैंस का ध्यान अपनी तरफ खींचा। हाल ही में 'हाउसफुल 5' के कुछ गाने रिलीज हुए, जिसमें जैकलीन का डांस चर्चा में है।*

### फिल्म में होंगे दो क्लाइमैक्स

*'हाउसफुल 5' की चर्चा इन दिनों इसलिए भी है क्योंकि मेकर्स ने इसमें दो क्लाइमैक्स रखे हैं। फिल्म के अलग-अलग क्लाइमैक्स होने की वजह से जब दर्शक फिल्म का टिकट बुक कराने जाएंगे तो उनके सामने दो ऑप्शन आएंगे, 'हाउसफुल 4 ए' और 'हाउसफुल 5 बी'। ऐसा पहली बार है जब किसी एक फिल्म के दो अलग-अलग क्लाइमैक्स हैं। यह फिल्म 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म के निर्देशक तरुण मनसुखानी हैं और इसे साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन और नाना पाटेकर जैसे एक्टर्स भी मौजूद हैं।*

# पत्रकारों के हितों में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय ने सोमवार को नैनीताल क्लब में जिला मुख्यालय नैनीताल के पत्रकारों के साथ बैठक कर उत्तराखंड सरकार द्वारा पत्रकारों के हितों में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को जाना एवं उनके निराकरण हेतु शासन स्तर पर की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया।

सयुक्त निदेशक डॉ.उपाध्याय ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुसार प्रदेश सरकार सूचना विभाग के माध्यम से पत्रकारों को स्वास्थ्य एवं बीमा संबंधी लाभ प्रदान किए जाने हेतु गोल्डन कार्ड एवं बीमा के लिए पॉलिसी तैयार कर रही है जो शीघ्र ही लागू हो जाएगी। इससे मान्यता प्राप्त पत्रकारों के साथ ही सक्रिय तौर पर कार्य कर रहे पत्रकारों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि पत्रकारों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पत्रकार पेंशन योजना अंतर्गत पत्रकारों की पूर्व में जो 5000.00 रुपए मासिक पेंशन दी जाती थी उसे 8000.00 रुपए मासिक कर दिया गया है साथ ही पत्रकारों को पेंशन सुविधा का लाभ दिए जाने हेतु पात्रता में स्थिलिकरण हेतु भी प्रस्ताव तैयार कर शासन में भेजा गया है । बैठक से पूर्व सभी के द्वारा वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी, सूचना अधिकारी मीडिया सेंटर हल्द्वानी प्रियंका जोशी, डॉ रंजन तिवारी, डॉ नवीन जोशी, माधव पालीवाल, किशोर जोशी, अफजल हुसैन फौजी, रविंद्र पांडे, गौरव जोशी, अजमल हसैन,ओपी अग्निहोत्री राजू पडे, पंकज कुमार, आंचल पन्त, तनुज पांडे, योगिता तिवारी, सुमन, आकाशी मेवाड़ी, सुनील बोरा, कांता पाल, समीर शाह, दामोदर लोहानी, गुड्डू ठोटोला, भी कमल जगाती, गितेश त्रिपाठी, लोकेश रावतथी नगर के पत्रकार उपस्थित रहे।

# राजभवन में एक दिवसीय विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के राजभवन में सोमवार को एक दिवसीय विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मकसद राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य की समग्र जांच एवं देखभाल सुनिश्चित करना था।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया और चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रियाएं उपलब्ध सुविधाओं एवं रोगियों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिविर में मौजूद लोगों से भी संवाद कर उनके अनुभव जाने और



चिकित्सकीय व्यवस्था की सराहना की। शिविर में राजकीय बी.डी. पांडे जिला चिकित्सालय से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 172 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विभिन्न चिकित्सा विभागों (नेत्र रोग, हृदय रोग, स्त्री रोग, सामान्य चिकित्सा तथा हड्डी रोग) के विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किए। शिविर में ईसीजी सहित विभिन्न परीक्षणए चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यक दवाइयों का निश्शुल्क वितरण किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही अच्छे जीवन की आधारशिला है। राजभवन परिवार का उत्तम स्वास्थ्य मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जब कार्मिक एवं उनके परिजन स्वस्थ होंगेए तभी वे पूरी क्षमता से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। राज्यपाल ने शिविर में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों एवं चिकित्सा स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी विशेषज्ञता एवं समर्पण से राजभवन परिवार को अत्यंत लाभ प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार के नियमित स्वास्थ्य शिविरों तथा निश्शुल्क चिकित्सा परामर्श सत्रों एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा, जिससे समय पर रोगों की पहचान एवं उपचार सुनिश्चित हो सके और राजभवन परिवार निरोग एवं सशक्त बना रहे। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, राजभवन के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. एन. एस. गुंज्याल, सीएमओ डॉ. हरीश चंद पंत, पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा, फि जिशियन डॉ. अभिषेक कुमार गुप्ता, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रुचि गुप्ता, सर्जन डॉ. बी के मिश्रा, पैथोलॉजिस्ट डॉ. प्रियांशु श्रीवास्तव, नेत्र शल्यक डॉ. स्नेही कन्याल, मनोचिकित्सक डॉ. गरिमा कांडपाल एवं कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुधांशु सिंह आदि उपस्थित रहे।

## News कॉर्नर

### यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले दो पहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप पुलिस यातायात नियमों और गलत तरीके से वाहन चलाने वाले चालकों पर शिकंजा कसती दिख रही है। ट्रांजिट कैंप मोड़ पर पुलिस ने चैकिंग के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले कई बाईकें सीज की कार्रवाई की है। पुलिस की कार्रवाई के दौरान दो पहिया वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। सोमवार शाम को ट्रांजिट कैंप मोड़ पर थाने के एसएसआई महेश कांडपाल,एसआई अकरम अहमद,एसआई विजय कुमार टीम के साथ वाहन चैकिंग कर रहे। चैकिंग के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट,तीन सवारी वाले दो पहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने इस दौरान कई दो पहिया वाहनों को यातायात नियमों के उल्लंघन के आरोप में सीज की कार्रवाई की। एसएसआई महेश कांडपाल ने बताया कि दरोगा अकरम की नजर एक स्कूटी के पीछे लगी नंबर प्लेट पर पड़ी। नंबर प्लेट पर एक अक्षर पर प्लास्टिक चिपका रखा था।

# पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड, 6वीं उत्तराखंड राज्य पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2025 शुरू

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जवाहर नवोदय विद्यालय रूद्रपुर में आयोजित 6वीं उत्तराखंड राज्य पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2025 का शुभारंभ मुख्य अतिथि अर्जुन पुरस्कार विजेता ओलंपिक पदक विजेता मनोज सरकार जी, पूर्व विधायक रूद्रपुर राजकुमार ठुकराल, पूर्व मेयर रामपाल समेत अन्य अतिथियों ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ के बाद सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर, देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, पिथौरागढ़ और टिहरी गढ़वाल जनपदों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। मुख्य अतिथि मनोज सरकार ने पेंचक सिलाट खेल की उपलब्धियों को देखकर प्रदेश के खिलाड़ियों की प्रशंसा की और भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड के हेड कोच और महासचिव बब्लू दीवाकर ने बताया कि



इंडोनेशिया की मार्शल आर्ट पेंचक सिलाट में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने लगातार पिछले 6 वर्षों में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोवा राष्ट्रीय खेलों, खेलो इंडिया गर्ल्स लीग, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी, ऑल इंडिया पुलिस गेम्स, एशियन चैंपियनशिप और वर्ल्ड चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। बताया कि इस प्रतियोगिता में करीब 300 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है और स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# दूधिया बाबा कन्या छात्रवास में अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

भारत विकास परिषद, रुद्रपुर शाखा द्वारा पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को समाज के सामने रखते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन दूधिया बाबा कन्या छात्रवास में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महिला सहभागिता नीतू अग्रवाल, शाखा सदस्या रीना अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत वंदेमातरम राष्ट्रीय गीत के साथ हुई। इस अवसर पर शाखा सदस्या रीना अग्रवाल ने अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन का परिचय कराया और छात्रवास के बच्चों के साथ चित्र कला की प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें तीन विजेता घोषित किए गए। बच्चों से उन पर आधारित प्रश्न पूछे गए फिर उन्हें पुरूस्कृत किया गया। छात्रवास की संचालिका को शाखा की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में छात्रवास के 70 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर शाखा द्वारा बच्चों को जलपान कराया गया। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, सचिव जतिन अग्रवाल, महिला सहभागिता नीतू अग्रवाल, रीना अग्रवाल, कविता, पारुल, प्रीति, प्रियंका, रेखा मौजूद रहे।



# शेरवुड कालेज का वार्षिकोत्सव समारोह, दर्शकों का मन मोहा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

शेरवुड कालेज का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। समारोह में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि आसाम के आइएएस अधिकारी व स्पेशल चीफ सेक्रेटरी एस डी अब्बासी थे।

समारोह में स्केटिंग का प्रदर्शन की धूम रही और अनेक करतब दिखाए गए। इसके बाद स्विमिंग का आयोजन किया गया। जिसमें डाइव लगाकर दर्शकों का मनोरंगमजन किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विषयों पर मॉडल प्रदर्शित किए गए। गणित, भूगोल, पर्यावरण, विज्ञान शामिल किए गए थे। समारोह के दूसरे चरण में क्वायर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इसके बाद विद्यालय सभागार में अंग्रेजी नाटक मंचित किए गए। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस बीच चैपल कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त भी अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनकी दर्शकों ने खूब प्रशंसा की। मुख्य अतिथि एस डी अब्बासी ने सभी कार्यक्रमों की खूब प्रशंसा की।

प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डाला और कहा कि विद्यालय भविष्य में भी अपना दायित्व बखूबी निभाते रहेंगे। साथ ही उन्होंने तीन दिवसीय आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एपी सिंह, वित्त प्रबंधक बासु साह, हेम चंद्र पांडे, पूर्व छात्र व वीर रस कवि अपूर्व सिंह, विशाल खन्ना, संदीप बिष्ट, रोहित जलाल, सुनील सिंह, राज कुमार, सचिन, भंडारी जी, ललिता, अनुराधा तिवारी, जोशमीन समेत अभिभावक मौजूद थे।



### तेज गति में स्कूटर सवार पिलर पर टकराए, गंभीर

**नैनीताल ।** नैनीताल हल्द्वानी मार्ग पर तेज गति स्कूटर में सवार दो युवक स्कूटर समेत सड़क किनारे पिलर में टकराने से चोटिल हो गए। मौके से गुजर रहे सीएमओ ने चोटिलों को सड़क से उठाकर जांच कर टैक्सी वाहन से बीडी पांडे अस्पताल भेजा।

जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम को स्कूटर संख्या यूए 04 ए 0830 से दो युवक नैनीताल से ज्योलीकोट की ओर जा रहे थे। तेज गति होने के चलते बल्दियाखान के समीप युवक का स्कूटर अनियंत्रित हो गया।

# नैनीताल में तेज हवा व बारिश के बीच मॉलरोड में टूटा पेड़

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

तेज हवा व बारिश के बीच मॉलरोड पर पेड़ टूटने से यातायात बाधित रहा और बिजली की लाइन टूट गई। लगभग एक घण्टे तक यातायात बाधित होने से पर्यटकों व स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बता दें कि सोमवार को नैनीताल में दोपहर तक मौसम सामान्य रहा। दोपहर लगभग तीन बजे नैनीताल अचानक मौसम ने करवट बदल ली। देखते ही देखते तेज हवा के बारिश होने लगी। जिससे आधे घण्टे के लिए जन जीवन



रुक गया। तेज अंधड़ व बारिश के दौरान मॉलरोड में सूचना विभाग के समीप बांज का बाज का पेड़ गिरा गया। जिससे सड़क में वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई। जिसके चलते अपर मालरोड में फंसे वाहनो को वापस मल्लीताल को जाना पड़ा। सूचना के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सडक़ पर गिरे पेड को वुड कटर से काटकर सडक़ को यातायात के लिए खोल दिया। गनीमत रही कि पेड़ गिरने के दौरान कोई हादसा नहीं हुआ।

इस दौरान आसपास के क्षेत्रों में ओले भी गिरे। जिसके बाद शहर में ठंड महसूस की जा रही है। जीआईसी स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी नवीन धूसिया ने बताया कि सोमवार को नैनीताल का अधिकतम तापमान 31 व न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।.

# पारंपरिक ऐपण कला से सजा कर तैयार की पूजा की थाली, कलश

**पिथौरागढ़**

**हमारे संवाददाता**

ग्राम रणकोट विकासखंड गंगोलीहाट की महिलाओं एवं किशोरियों ने पारंपरिक ऐपण कला में कौशल संवर्धन एवं तकनीकी नवाचार विषयक सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में इस कला के व्यवसायिक प्रयोग की बारीकियां सीखी। सिंघानिया बेल, हिमाचली बेल, वसुधरा, बिंदु, स्वास्तिक, ओम् आदि मुख्य मोटिव्स को समाहित करते हुए आकर्षक डिजाइन बनाए।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के कुलपति डॉ मनमोहन सिंह चौहान एवं सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ अल्का गोयल के मार्गदर्शन में क्रियान्वित आई सी ए आर एस सी-एस पी



परियोजना 2024-25 द्वारा उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत ऐपण को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्थापित करते हुए इसे आजीविका से जोड़ने का यह एक अभिनव प्रयोग है। मीनाक्षी, संजीवनी, दिव्यांशी, समीक्षा, रवीना, शिवानी, सरोज, करुणा प्रियांशी आदि प्रतिभागियों के अनुसार इस प्रकार का प्रशिक्षण रणकोट गांव में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण के दौरान सिखाए जाने वाली गतिविधियों में उत्साह के साथ प्रतिभाग कर रहे हैं। ऐपण एक्सपर्ट प्रियंका कपूर ने प्रतिभागियों को दीवार घड़ी को ऐपण कला सुसज्जित करना सिखाया। अनीश के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके लिए स्वयं को मास्टर ट्रेनर के रूप में स्थापित करने का सुनहरा अवसर है। परियोजना समन्वयक डॉ छाया शुक्ला ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों को उत्तराखंड की पारंपरिक ऐपण कला में कुशल बनाना तथा तकनीकी नवाचार द्वारा ज्यामितीय रूप से परिपक्व डिजाइन तैयार करना है।

अपनी संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक कर इस कला के माध्यम से आजीविका के अवसरों की जानकारी देकर महिलाओं एवं किशोरियों को स्वावलंबी और उद्यमी बनने हेतु प्रयास करना भी इस परियोजना का एक उद्देश्य है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में गांव की कुल 35 महिलाओं एवं किशोरियों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया जा रहा है।